Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to implement Atal Bhujal Yojana in Dausa district, Rajasthan-laid.

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): अटल भूजल योजना स्वीकृत हुए दो वर्ष होने जा रहे हैं । सम्पूर्ण

दौसा जिला इस योजना में स्वीकृत है । आज तक भी कार्य प्रारंभ नहीं हो पाना गंभीर स्थिति को दर्शाता है ।

मेरा संपूर्ण संसदीय क्षेत्र डार्क जोन में है । ऐसी स्थिति में इस योजना का महत्व और भी अधिक है । कृपया राज्य सरकार को शीघ्र क्रियान्वयन हेतु कहा जाना आवश्यक है । भारत सरकार की योजनाओं को शीघ्र क्रियान्वित किया जावे ।